तापमान

अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024



10 1500 मीटर में सबसे तेज दौड़ा उठाना का सोनू





10 औद्योगिक-पर्यटन नगरी बने जींद : शर्मा




## खबर संक्षेप

### असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर केस

**जींद।** सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जामनी निवासी मोहित ने सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो अपलोड की गई है।

### स्टेज की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सफीदों।** नगर की पुरानी अनाज मंडी में हुई रैली के दौरान लगाई गई स्टेज की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान गांव रत्ताखेड़ा निवासी नितेश (19) के रूप में हुई है। बता दें कि 31 दिसंबर को पुरानी अनाज मंडी में कमेरा वर्ग रैली थी। इस रैली के लिए अनाज मंडी में सड़क के बीचोंबीच विशाल स्टेज लगाई गई थी।

### खेत से लौट रहे युवक पर हमला किया

**जींद।** गांव पिल्लूखेड़ा में बीती रात खेत मे पानी देकर घर लौट रहे युवक से पहले गाडी सवारों ने रास्ता पूछा और फिर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर गाड़ी सवार युवक फरार हो गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 तक आवेदन करें

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. बलवंत सिंह ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए 3 और कृषि यंत्र जोड़े गए हैं। लेजर लैंड लेवल (कंप्यूटर कराई), कपास बीज ड्रिल -ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयर अनुदान पर दिए जा रहे हैं।

### यौन शोषण करने का लगाया आरोप, केस

**जींद।** महिला के साथ दुष्कर्म कर अश लैकमेल कर यौन शोषण करने पर महिला थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ यौन शोषण करने, कुकर्म करने, समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हांसी इलाके की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### गंडासी से हमला और हवाई फायर का आरोप

**कैथल।** एक युवक पर गंडासी से हमला करने व हवाई फायर करने का मामला सामने आया है। गांव कौल निवासी पवन कुमार की शिकायत पर राहुल, विजेंद्र, अंकित और अशोक के विरुद्ध ढांड थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि 31 दिसंबर को रात करीब सवा नौ बजे वह खेत से बाइक पर अपने घर जा रहा था। गांव के शराब ठेके पास राहुल ने उसे रोक लिया।

### दुकान-घर में तोड़फोड़ करने पर नौ नामजद

**जींद।** गांव सुरजाखेड़ा में घर तथा दुकान में घुस कर तोड़फोड़ करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है गांव सुरजाखेड़ा निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के होशियार सिंह से परिवार से कहासुनी हो गई थी।

### 11 को प्रदर्शन करेंगी मिड-डे मील वर्कर्स

**जींद।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की बैठक मंगलवार को नेहरू पार्क में हुई। अध्यक्षता सदस्य रचना ने की। बैठक में 11 को करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन में हिस्सा लेने का फैसला लिया। इस दौरान रा'य कमेटी सदस्य सुनीता ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मेहनत करके खाने वाले लोगों के खिलाफ नीतियां लागू कर रही है।

## सब्जियों के दामों में दो से दस रुपये की वृद्धि, गैस सप्लाई पर भी पड़ सकता है असर

# ड्राइवरों की हड़ताल का जनजीवन पर होने लगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ट्रक यूनियन व प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने मंगवार को दूसरे दिन भी न्याय संहिता बिल वापस वापस करवाने की मांग को लेकर हड़ताल जारी रखी। ट्रकों की हड़ताल के चलते बाहर से आने वाली सब्जियां व फलों के दामों पर असर दिखाई देने लगा है। हालांकि अभी इतने दाम नही बढ़े हैं। अगर हडताल अनिश्चितकालीन होती है तो महंगाई बढ़ जाएगी। फिलहाल आलू, मटर, संतरा, अंगूर व सेब जैसों फलों के दामों पर थोड़ा असर हुआ है। हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को हांसी व गोहाना रूट पर एक-दो बसें ही चलती दिखाई दी।

बस स्टैंड परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएस नरोत्तम शर्मा व डीआई कार्यालय से कर्मचारी बसों को रूट पर भेजने में लगे हुए थे। वहीं हिसार की एक प्राइवेट बस जो हांसी से यात्रियों को लेकर जींद पहुंची थी। जब प्राइवेट बस जब जींद से भरकर हांसी के लिए रवाना हो रही थी तो बस स्टैंड परिसर में बस चालक के साथ हड़ताल पर बैठे प्राइवेट बस के चालकों के साथ कहासूनी हो गई थी। न्याय संहिता कानून वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को रोडवेज कर्मचारी सुबह 11 बजे से लेकर एक बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के रा'य उपप्रधान संदीप रंगा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय संहिता बिल पारित किया गया है। इस बिल में यह प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक इलाज के लिए पहुंचाना होगा।

अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नही पहुंचाया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व 10 लाख रुपये का जुर्माना होगा। अगर घायल व्यक्ति की इलाज के बाद भी मृत्यु हो गई तो सात साल की सजा और सात लाख का जुर्माना किया जाएगा। इसके चलते रोडवेज कर्मचारी बुधवार को दो घंटे की हड़ताल पर रहकर रोष प्रकट करेंगे। हड़ताल से पहले जहां मटर 30 रुपये, आलू दस रुपये, प्याज 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा था वहीं अब इनके दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अब मटर 40 रुपये, आलू 12 रुपये व प्याज 40 रुपये प्रति किलो तक चले गए हैं। इसके अलावा केला, अंगूर व सैब जैसे फलों के दाम में 10 से 20 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जींद की नई सब्जी मंडी में मटर पंजाब से, आलू आगरा से, सेब कश्मीर से वहीं संतरा व अंगूर जैसे फल महाराष्ट्र व गंगानगर से आते हैं।

हिट एड रन कानून को लेकर प्राईवेट ट्रास्पोर्टर के विरोध चलते आमजन की भी समस्याए बढ सकती है। लोगो को डीजल, पैट्रोल, घरेलू गैस, सब्जी, फल दूध, राशन समेत अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सामान की कीमतों में उछाल आ सकता है। हडताल के दूसरे दिन भी कुछ प्राईवेट बसें बंद रही व अन्य ट्रांसपोर्टस के पहिये भी थमे रहे। बस अड्डे पर प्राइवेट बस को निकाल रहे मालिक के साथ विरोध जता रहे चालकों ने हाथापाई भी की। जिसमें पुलिस को हस्तक्षेप करना पडा। वहीं वाहन चालकों ने कानून का विरोध जारी रखा।

## दूसरे दिन भी थमे रहे ट्रक व बसों के पहिये



जींद। सब्जी मंडी में सब्जी बेचते दुकानदार। फोटो :हरिभूमि





जींद। पंप पर पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए लाइन में लगे वाहन चालक व बस अड्डा पर परेशान यात्री।

### हड़ताल लंबी चली तो दाम बढ़ेंगे

सब्जी मडी एसो के प्रधान मोहित गुंबर ने कहा कि ट्रांसपोर्टर की हडताल से आम आदमी को परेशानी का सामना करना पडेगा। बाहर से फल तथा सब्जी आती हैं। आवक कम हुई है। अगर हडताल लंबी चली तो रेट में इजाफा होना भी तय है। सरकार को ट्रांसपोर्टर से बातचीत करनी चाहिए।

### कुछ फिलिंग स्टेशन ड्राई के कगार पर

फिलिंग स्टेशन मालिक राकेश बंसल ने बताया कि जिन फिलिंग स्टेशन संचालक के पास अपना टैंकर है, उनके पास डीजल, पेट्रोल का स्टॉक है। कुछ फिलिंग स्टेशन ड्राई के कगार पर है। उन्हें टैंकर नही मिल पा रहा हैं। अगर हडताल लंबी खिंचती है तो दिक्कत का सामना करना पडेगा।

### हर व्यक्ति पर प्रभाव : सुनील वशिष्ठ

जींद व्यापार मंडल के सुनील वशिष्ठ ने बताया कि ट्रांसपोर्ट की हडताल से हर व्यक्ति पर प्रभाव पडेगा। सामान ट्रांसपोर्ट के माध्यम से बाजार में पहुंचता है। माल शहर से भी बाहर जाता है। ट्रांसपोर्ट एक माध्यम है। सरकार को ट्रांसपोर्टर से बातचीत कर कोई रास्ता निकालना चाहिए।

### तेल की सप्लाई कम हो रही

ट्रक यूनियन की हड़ताल के चलते एचपी गैस प्लांट में भी गैस की सप्लाई बाधित बताई जा रही है। पलवल से गैस की सप्लाई जींद में होती है। हालांकि जिले के आधे पेट्रोल पंप पर भी तेल की सप्लाई कम हो रही है। जिले में 180 पेट्रोल पंप हैं जिसमें से आधे पेट्रोल पंप के पास खुद के ट्रक नहीं हैं। एक पंप पर हर रोज 12 से 20 हजार लीटर तेल पानीपत से आता है, जिसके चलते 90 पेट्रोल पंपों पर सप्लाई काअसर है। ऐसे में अगर ट्रक यूनियन की हड़ताल तीन जनवरी के बाद बढ़ जाती है तो इसका असर खाद्यपूर्ति वाली चीजों पर 'यादा दिखाई देने लगेगा। जिससे मध्यम वर्ग के लोगों को परेशानी हो सकती है।

## आज रोडवेज कर्मी भी रखेंगे दो घंटे की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में मंगलवार को ट्रांसपोर्टरों व प्राइवेट बस संचालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। ऑटो चालकों ने भी हड़ताल के दूसरे दिन ट्रांसपोर्टर्स के समर्थन में हड़ताल रखी। ऑटो चालकों ने बस अड्डे पर अपने ऑटो खड़े कर नए कानून का विरोध किया। ट्रक चालकों की हड़ताल होने के कारण अधिकतर जगहों पर शहर के बाहर से आने वाला माल नहीं पहुंचा। ट्रक चालकों की 2 दिन की हड़ताल के कारण जिला भर में करोड़ों रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ। डीजल व पेट्रोल की किल्लत के कारण पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी कतार रही। हड़ताल के दूसरे दिन भी अधिकतर निजी बस अड्डे के पास ट्रांसपोर्ट पार्क में खड़ी रही। मंगलवार को लगभग 100 से अधिक बसों का संचालन नहीं हो पाया। हड़ताल के कारण ट्रक यूनियन के लगभग 1000 से ट्रक नहीं चल पाए। भाईचारा ट्रक यूनियन के जिला प्रधान रामफल ने कहा कि सरकार उन पर जबरन ही बेवजह नया कानून थोप रही है। इस कानून को वे बिल्कुल भी लागू नहीं होने देंगे। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। 3 दिन की हड़ताल के बाद आम लोगों से सहयोग मांगा जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हिट एंड रन केस के लिए नया कानून बनाया है। इसके तहत अगर वाहन चालक की गलती से दुर्घटना में किसी की मौत हो जाती है और वाहन चालक मौके से फरार हो जाता है तो उसको 10 साल की कैद व सात लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान रखा गया है। इससे बस, ट्रक, पिकअप व टेंपो चालक प्रभावित होंगे। इसी का विरोध कई राज्यों में हो रहा है। मंगलवार को निजी बस संचालकों ने भी इसके विरोध में अपनी बसों को बंद कर दिया।

### कैथलः ऑटो चालकों ने भी दिया समर्थन



कैथल। हड़ताल के दौरान खड़े ट्रक। फोटो :हरिभूमि

### पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़

हड़ताल के कारण पेट्रोल डीजल व गैस की शहर में किल्लत पैदा हो गई है। इसी कारण मंगलवार को शहर के पेट्रोल पंपों पर अपनी गाड़ियों में तेल डलवाने के लिए वाहन चालकों की भारी भीड़ रही। लोगों को अंदेशा है कि अगर हड़ताल लंबी चली तो पेट्रोल डीजल की किल्लत पैदा हो सकती है। इसलिए अपनी अपनी गाड़ियों में पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए लोगों में दिनभर होड़ लगी रही। शहर के भीतरी पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों की लंबी लाइन लगने के कारण कई इलाकों में जाम की स्थिति भी रही।



कैथल। पैट्रोल पंप लगी तेल भरवाने वालों की भीड़ व रोष जताते ट्रांसपोर्टर्स।



### ऑटो नहीं चले, लोग दु:खी

ट्रांसपोर्टर की हड़ताल के समर्थन में मंगलवार को शहर के ऑटो चालकों ने भी हड़ताल रखी। जिस कारण अधिकतर ऑटो नहीं चल पाए और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऑटो चालकों ने बस अड्डा के पास अपने ऑटो खड़े कर दिए और नए कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। ऑटो चालक यूनियन के प्रधान संजीव ने बताया कि हिट एंड रन कानून के विरोध में ऑटो चालकों ने भी हड़ताल रखी है। इस कानून से ऑटो चालक भी नहीं बच पाएंगे। नए कानून में 7 लाख से अधिक रुपए के जमाने का प्रावधान है। ऐसी घटनाओं के बाद ऑटो चालक इतना भारी जुमार्ना नहीं भर पाएंगे क्योंकि उन्हें अपने परिवार का पेट पालना भी मुश्किल हो रहा है। शहरी ऑटो चालकों के प्रधान संजय ने बताया कि सरकार ने उन्हें भी इस कानून के दायरे में रखा है। जब तक उन्हें इस कानून से राहत नहीं दी जाती वे हड़ताल का समर्थन करते रहेंगे। एक अन्य ऑटो चालक यूनियन के प्रधान चमकीला ने बताया कि सभी यूनियन के प्रधान एकजुट होकर ऑटो चालकों से ऑटो बंद करने का अनुरोध कर रहे हैं। फिर भी शहर में कई ऑटो चालक काम कर रहे हैं। स्कूल में बच्चों को लाने ले जाने व बीमारी को अस्पताल पहुंचने वाले ऑटो चालकों को हड़ताल में छूट दी गई है। बुधवार को तीसरे दिन भी ऑटो चालकों की हड़ताल जारी रह सकती है।

# शिविर में 60 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




मुख्यातिथि विजेंद्र सिंह और अंजु तलवाड़ एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते।

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैम्प का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि विजेन्द्र सिंह जिला संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना और विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजेन्द्र सिंह ने शिविर उद्देश्यों पर प्रकाश डालते शिविरार्थियों का मार्गदर्शन किया और तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने शिविर में सम्मिलित विद्यार्थियों को सेवा ही परमो धर्म के मूल मंत्र को व्यावहारिक जीवन में लागू करने के लिए इसे /"मानसा वाचा कर्मणा/" आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर भाषण,प्रतियोगिता, मिमिक्री,मोनो एक्टिंग,कविता-पाठ इत्यादि विद्याओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने इन गतिविधियों से पर्यावरण प्रदूषण,भ्रूण-हत्या, निरक्षरता जैसे सामाजिक विषयों पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अधिकारी सुमित कौशिक व वरिष्ठ प्राध्यापक अजय दुआ ने बताया कि पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन,रैली, नुक्कड़ नाटक से बुराइयों को दूर करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मदर ग्रुप को एक साल से नहीं मिला मेहनताना

- मदर ग्रुप ने विभागीय कार्यशैली को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां आंगनबाड़ी केंद्रों में काम करने वाली मदर ग्रुप की महिलाओं को करीब एक साल से मेहनताना नहीं मिलने के चलते महिलाओं ने विभाग के प्रति रोष जताया है। नगूरां निवासी मदर ग्रुप की महिला सुदेश, पूनम, बिमला, आशा, पूनम, सरोज, रामरति, प्रीति, ओमी, रतो, किरण, बीरो आदि ने बताया कि वह काफी समय से आंगनबाड़ी केंद्रों पर मदर गुरप के रूप में काम कर रही है। मेहनताना के रूप में उनको प्रति बच्चा एक रूपये 60 पैसे मिलते हैं। जिसमें सिलेंडर भरवाने लेकर राशन पकाने तक उनका अपने घर से खर्चा होता है, लेकिन करीब एक साल से उनको मेहनताना के रूप में एक रूपया नहीं मिल रहा है। जिसके कारण उनको बच्चों का खाना बनाने को लेकर सिलेंडर आदि को भरवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए अनेक बार विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा चुके है लेकिन उनकी किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं ने विभाग के उच्चाधिकारियों से उनका मेहनताना जल्द से जल्द दिलवाने की मांग की है ताकि बच्चों को खाना आदि बनाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



अलेवा। नगूरां गांव में रोष प्रकट करती मदर ग्रुप की महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### बजट का इंतजारः सीडीपीओ

महिला एवं बाल विकास विभाग अलेवा की सीडीपीओ रामरति ने बताया कि हैड आफिस पंचकूला से बजट नहीं मिलने के कारण मदर ग्रुप की महिलाओं को करीब एक साल से मेहनत ताना नहीं मिला है। इसके लिए अब बजट का इंतजार है, बजट आते ही महिलाओं के खाते में मेहनत ताना के रूपये डाल दिए जाएंगें।

## स्टेडियम बनने के कार्य की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

# आंधली में 6.15 करोड़ से बनेगा स्टेडियम

हरिभमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। गांव आंधली में 6 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि से स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। इस कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। खेल विभाग द्वारा स्टेडियम बनाने में खर्च होने वाली राशि जल्द ही पुलिस हाउसिंग कॉरपेरेशन को दे दी जाएगी। उसके तुरंत बाद टेंडर प्रक्रिया होगी और जल्द ही क्षेत्र वासियों को खेल स्टेडियम की सौगात मिलेगी।

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव आंधली में खेल स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी, पहले यह स्टेडियम लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाना था, परंतु कुछ तकनीकी कारणों से यह फिटनेस के लिए चला गया था। विशेष प्रयास करके तकनीकी खामियों को दूर करवाया गया। अब इस स्टेडियम का निर्माण पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा किया जाएगा। खेल स्टेडियम बनने से गांव आंधली के आस-पास के खिलाड़ियों को खेल अभ्यास की उचित व्यवस्था मिलेगी और क्षेत्र के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्प्रधाओं में अच्छा प्रदर्शन करके अपने साथ-साथ गांव, जिले, प्रदेश में नाम रोशन करेंगे। प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं को एक-एक करके पूरा करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे हलका की तस्वीर बदल रही है।

### शहरी तर्ज पर विकास किया जा रहा



विधायक ने कहा कि आने वाले समय में सभी कार्य पूरे होने पर यह क्षेत्र पूरी तरह से विकसित क्षेत्रों में शुमार होगा। सरकार द्वारा एक-एक करके आम जन से जुड़ी सभी सामुहिक मांगों को पूरा किया जा रहा है। गांवों में शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जितनी भी विकासात्मक योजनाएं व परियोजनाएं क्षेत्र में चल रही हैं, उनको गति प्रदान की गई है, ताकि सभी योजनाएं व परियोजनाएं निर्धारित समय पर पूरी हो और आमजन इससे लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शहरी तर्ज पर विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये हलके के लिए मंजूर किए हैं, जिससे क्षेत्र में अनेक विकासात्मक कार्य चल रहे हैं।



जुलाना। गतौली गांव में गिरी मकान की छत। फोटो :हरिभूमि

### गतौली में गिरी मकान की छत, बाल-बाल बचा परिवार

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में रात के समय अज्ञात कारणों से एक मकान की छत गिर गई। जिससे तीन भैंस नीचे दब गई। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्त के बाद भैंसों को बाहर निकाला। नीचे दबने से तीनों पशु घायल हो गए। गतौली गांव निवासी किसान राजकुमार ने बताया कि वह अपने भाईराममेहर और बेटे मनजीत के साथ छत पर बने चैबारे में सो रहा था तो आगे के कमरे की रात के समय छत गिर गई। छत गिरने से नीचे बंधी एक भैंस और दो कटड़ी नीचे दब गई। आस पास के लोगों ने उसकी भैंसों को कड़ी मशक्त के बाद बाहर निकाला। किसान का कहना है कि मकान की छत गिरने से परिवार बेघर हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका मकान बनाया जाए।

## खबर संक्षेप

### गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में रक्तदान शिविर कल

जींद। आगामी चार जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन गोपाल विद्या मंदिर स्कूल जींद मे प्रदीप रेढू युवा विकास समिति जींद व रेडक्रॉस सोसाइटी जींद के सहयोग से किया जाएगा। जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि शिविर में मुख्यअतिथि एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ होंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में भाग लो।

### सट्टा खाईवाल करते दो काबू, नगदी बरामद

जींद। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो लोगों को सट्टा खाईवाल करते काबू कर उनके कब्जे से 12 हजार रुपये की नगदी तथा सट्टा पर्ची बरामद की है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गुप्ता कालोनी निवासी विकास सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते पुलिस ने विकास को काबू कर लिया।

### शमशेर नैन ने बीडीपीओ का संभाला कार्यभार

उचाना। उचाना खंड विकास कार्यालय में रिक्त बीडीपीओ के पद पर शमशेर नैन ने कार्यभार संभाला। यहां पर अलेवा बीडीपीओ अजयदीप सिंह को अतिरिक्त कार्यभार दिया हुआ था। नियमित रूप से बीडीपीओ नहीं होने से कार्य भी प्रभावित हो रहे थे। सोमवार को बीडीपीओ के तौर पर शमशेर नैन नियुक्त हुए। शमशेर नैन ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### अधिवक्ता से हाथापाई करके मोबाइल छीना

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय के निकट स्कूटी सवार दो युवकों ने अधिवक्ता से मोबाइल फोन छीन्न लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड निवासी अधिवक्ता सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाजार से स्कूटी लेकर घर लौट रहा था।

### नई शिक्षा नीति- खरपतवार के बारे में किया जागरूक

जींद। नव प्रगति वमावि डाहौला में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में तीसरे दिन मंगलवार को समाज के लोगों को खरपतवार के बारे में जागरुक किया। छात्रों को नई शिक्षा नीति के बारे में बताया । प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने जीवन में संघर्ष करने को बेहतर बताया और विचार व्यक्त करते कहा कि सामाजिक कार्य में हितकारी भावना को अपनाना चाहिए।

### आज लोगों के लिए जी का जंजाल बना पोर्टल

उचाना। कांग्रेस नेता दिलबाग संडील जनसंपर्क अभियान के तहत भौंगरा गांव पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका प्रजापत, ब्राह्मण समाज द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। दिलबाग संडील ने कहा कि हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली कांग्रेस पार्टी है। गरीब आदमी का हाथ पकड़ कर कोई आगे ला सकता है तो वो पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस पार्टी है। आज लोगों को कांग्रेस के राज की याद आने लगी है।

### महीपाल उप्रधान व आर्यन जांगड़ा बने संगठन सचिव

उचाना। जजपा हलका युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया। युवा हलकाध्यक्ष सुनील अलेवा ने बताया कि पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. डिप्टी सीएम से सलाह-मश्वरा कर कार्यकारिणी का गठन किया । सुनील ने गठित कार्यकारिणी को लेकर बताया कि महीपाल शर्मा शामदो, विकास श्योकंद सुदकैन को वरिष्ठ उप प्रधान, आर्यन जांगड़ा घोघड़िया सचिव बनाया।

### मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल में एनएसएस कैंप

जींद। मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को एनएसएस शिविर के चौथे दिन योगए मेडिटेशन और प्रस्ताव लेखन का आयोजन हुआ। शिविर का आयोजन एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। योग शिविर में शिविर इकाई के छात्र वछात्राओं ने अपने अध्यापकों के साथ योग किया।

---

### सुबह समय पर नहीं मिलते नागरिक अस्पताल में डॉक्टर

# जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की लेट लतीफी

- सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, 30 में से पांच ही चिकित्सक मिले ओपीडी में
- मरीजों को हो रही परेशानी बार-बार आ रही थी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद




जींद। निरीक्षण करते सीएमओ डा. गोपाल गोयल। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की लेट लतीफी किसी से छुपी नही है। अस्पताल के खुलने का समय सुबह नौ बजे है। सुबह नौ बजे ही मरीज अस्पताल में पहुंचने शुरू हो जाते हैं लेकिन चिकित्सक दस बजे के बाद ही अस्पताल में आते हैं। एक घंटे तक मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। यह खुलासा मंगलवार को सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के सुबह साढ़े नौ बजे के निरीक्षण में सामने आया है। डा. गोपाल गोयल को 30 में से पांच ही चिकित्सक ओपीडी में मिले। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इसके अलावा यदि दूसरे औचक निरीक्षण में भी चिकित्सक नहीं मिले तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

#### सुबह नौ बजे के कर रहे इंतजार

पटियाला चौक निवासी कुलद्वीप, प्रद्वीप, राजेश ने बताया कि वो उपचार के लिए सुबह नौ बजे ही आ गए थे। ठंड के चलते उन्होंने सोचा था कि जल्दी ही चिकित्सक को दिखाकर वापस घर आ सकें। क्योंकि 10 बजे के बाद अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लग जाती है और फिर काफी देर बाद ओपीडी में उनका नंबर आता है। जब वह हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में गए तो उनको चिकित्सक ही नहीं मिले। बाहर खड़े लड़के ने कहा कि डॉक्टर साहब दस बजे आएंगे। इसलिए उनको सवा दस बजे चिकित्सक मिले। ऐसे में वह एक घंटे तक यहां चिकित्सक के इंतजार में खड़े रहे।

#### तीस में से केवल पांच चिकित्सक मिले : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि सभी अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। यदि भविष्य में फिर चिकित्सक समय पर नहीं मिले तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह एक गंभीर मामला है। चिकित्सकों को नौ बजे समय पर आना चाहिए। सुबह निरीक्षण के दौरान 30 में से पांच ही चिकित्सक ओपीडी में मिले। मरीज ओपीडी के बाहर चिकित्सकों का इंतजार कर रहे थे।

#### सुबह किया अस्पताल का निरीक्षण

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने सुबह साढ़े नौ बजे अस्पताल का निरीक्षण करना शुरू किया। इस दौरान तीन में से एक भी हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं मिला। तीन दंत चिकित्सकों में से केवल एक ही दंत चिकित्सक ओपीडी में मिला। नर्सरी में कोई चिकित्सक नहीं मिला। दो बाल रोग विशेषज्ञ में एक भी ओपीडी में नहीं मिला। एकमात्र सर्जन भी अस्पताल में नहीं मिले। इसके अलावा ऑपरेशन थिएटर में भी कोई चिकित्सक नहीं मिला। अस्पताल के चिकित्सकों का यह हाल देख कर सिविल सर्जन काफी निराश हुए। उन्होंने कहा कि मरीज सुबह नौ बजे आ जाते हैं लेकिन चिकित्सक दस बजे तक भी नहीं आतेए यह एक गंभीर मामला है। इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

## खरकरामजी में स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना

- शिविर में प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों को बताई एनएसएस की महत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। शिविर में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को स्वयंसेवक छात्रों ने स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाया। शिविर में स्वयंसेवकों को एनएसएस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

स्कूल प्राचार्या पूर्णिमा शर्मा, एनएसएस की प्रोग्राम अधिकारी अरूणा, प्राध्यापक देवेंद्र सहारण ने स्वयंसेवकों ने बताया कि एनएसएस एक ऐसा कार्यक्रम है, जिससे विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र के लिए सेवा भावना से काम करने की प्रेरणा मिलती है। इस तरह के शिविरों से विद्यार्थियों में आपसी मेलजोल और तालमेल बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी लोग काम करते हैं। असली काम वह है, जो दूसरों के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इन शिविरों में भाग लेने से बच्चों में एकता व भाईचारे का भाव आता है। अगर विद्यार्थी में स्कूल समय से ही एकता व भाईचारे का भाव होगा तो वह अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ते हुए स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में हर युवा को अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

## आरटीए व यातायात पुलिस ने बांटे हेलमेट

- यातायात नियमों को लेकर वाहन चालकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। छात्राओं को हेलमेट देते हुए। फोटो : हरिभूमि

आरटीए कार्यालय तथा यातायात पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त रूप से सड़क हादसों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने को लेकर जागरूक किया तथा दुपहिये वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। आरटीए सचिव सहायक आनंद बेनीवाल तथा यातायात थाना प्रभारी शमशेर ने बताया कि धुंध तथा कोहरे के कारण सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है। वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें। गाड़ी चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करें। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें तो हादसा होने पर जान जाने से बच सकती है। उसी कड़ी में मंगलवार को रानी तलाब, पुराना बस अड्डा, पटियाला चौक, टेंडरी मोड, ईक्कस चौक तथा मेन रोड पर वाहन चालकों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। लगभग 100 से 'यादा दुपहिये वाहन चालकों हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने पहनने के फायदे के बारे बताया। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि धुंध तथा कोहरे के मौसम में गाड़ी चलाते समय विशेष ध्यान रखें ताकि हादसों को रोका जा सके।

---

## युवा वर्ग को जागरुक करना जरुरी : वशिष्ठ

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरा में कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



बच्चों के साथ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ।

राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय नगूरा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के चौथे दिन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान कैंप में 50 लड़कियों ने भाग लिया। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि आज कि युवा पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है। क्योंकि आज का युवा कल का भविष्य है इसलिए हमे युवाओं का आह्वान करना होगा कि उन्हें जागरूक होते हुए समाज को जागरूक रखना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवा सामाजिक गतिविधियों से जुड़े होते है। इसलिए ग्राहकों को जागरूक करने की जिम्मेदारी ऐसे सामाजिक कार्यकर्ताओं को दी जा सकती है ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि यदि कोई दुकानदार प्रिंट रेट से 'यादा राशि वसूल करता है तो इसकी शिकायत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत की जा सकती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम हर उपभोक्ता की मदद को तत्पर रहता है। इसलिए सभी को जागरुक बनना जरुरी है। कैंप इंचार्ज वंदना शर्मा ने बताया कि सामाजिक गतिविधियों से बच्चों का सवांर्गीण विकास होता है। इस अवसर पर उषा गुप्ता, संतरो रानी मौजूद थी।

### अपने कीमती जीवन में सत्संग को धारण कर लें

जींद। महान शक्ति संगठन कला धाम की ओर से कला धाम मंदिर में दो दिवसीय 187वें दिव्य आनंद अनुभूति महोत्सव के पहले दिन षि सुखदेव महाराज का जन्म एवं सन्यास दिवस सभी भक्तों ने केक काट कर मनाया। इस अवसर पर षि सुखदेव महाराज ने कहा कि जो अपने कीमती जीवन में सत्संग को धारण कर लें। वह भव से पार हो सकता है और जिसका जीवन ही सत्संग हो जाए, वह तो दूसरों को भी पार लगा सकता है। इस संसार में आकर अज्ञानतावश अपने परमपिता प्रभु भगवान और अपने असली घर निजधाम को भूल कर मैं, मेरी, मोह, ममता, विषय वासना में फंस जाना कोई बड़ी बात नहीं है बल्कि संसार रूपी भवसागर में रहते रहते शांति, प्रेम और आनंद के अथाह सागर परमपिता प्रभु भगवान से मिलन कर उनके सच्चे प्रेम और सत्य गूढ़ ज्ञान को प्राप्त कर इस भवसागर से पार होना और सबको प्यार एवं खुशियां बांटना ही असली जन्म दिवस है।

## ओपीएस बहाल करवाकर ही दम लेंगे : लाठर

- 11 फरवरी को होने वाली रैली को लेकर मार्केटिंग बोर्ड कार्यालय में दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मार्केटिंग बोर्ड कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। अध्यक्षता कनिष्ठ अभियंता संदीप चहल ने की व संचालन किया नरेश तायल ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान अनूप लाठर मौजूद रहे। राज्य कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी ने 11 फरवरी को जींद के एकलव्य स्टेडियम में होने वाली प्रदेश स्तरीय ओपीएस संकल्प महारैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। लाठर ने कहा कि कर्मचारी के भविष्य को सुरक्षित करवाने के लिए पुरानी पेंशन का होना अनिवार्य है व इसे बहाल करवाने के लिए कर्मचारियों को परिवार सहित रैली में शामिल होना होगा। राज्य महिला प्रभारी बहन राजबाला कौशिक ने महिलाओं से निवेदन किया कि महिला कर्मचारी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर रैली को सफल बनाएं। इस बैठक में सभी कर्मचारियों ने रैली को सफल बनाने की योजना बनाई व कहा कि अपने साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में कर्मचारियों को लेकर आएं व रैली को सफल बनाने का काम करें। मौके पर राज्य अनुशासन कमेटी के प्रभारी वजीर ने कहा कि कर्मचारी हक के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। जिला प्रधान जोगिंद्र लोहान, सुरेंद्र मान, देवीलाल, सुरेंद्र जागलान, सुनील खटकड़, सुनील आदि मौजूद थे।

---



जींद। बैठक के लिए एकत्रित आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं को लेकर आंगनवाड़ी वर्कर्स एडीसी से मिली

जींद। आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त उपायुक्त हरीश वशिष्ठ से मिला। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन की रा'य महासचिव शकुंतला, कार्यकारी महासचिव बिजनेश राणा सहित अन्य नेता मौजूद रही। आंगनवाड़ी वर्कर सुमन उचाना की बहाली एवं आंगनवाड़ी वर्करों एवं हेल्परों की स्थानीय समस्याओं को लेकर एडीसी से विस्तार से बातचीत हुई। एडीसी के साथ प्रतिनिधिमंडल की बातचीत सकारात्मक रही। यूनियन नेताओं ने बताया कि सरकार जो स्मार्टफोन देने का काम कर रही है, उसके साथ ही मोबाइल का डाटा रिचार्ज करवाना सरकार सुनिश्चित करें। आंगनवाड़ी वर्कर सुपरवाइजर की जो प्रमोशन हेतू टेस्ट देने की लिस्ट आई है, उसमें बहुत सारी कमियां है। मनमर्जी से लिस्ट तैयार की गई है। प्रमोशन सीनियरिटी बेस पर लगनी चाहिए। सुमन की बहाली और आंगनवाड़ी वर्कर एवं हैल्परों की मांगों को लेकर चार जनवरी को एडीसी ने बैठक करके समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## औद्योगिक-पर्यटन नगरी बने जींद : शर्मा

- मांगो को लेकर आज प्रर्दशन करेगा मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते शिवनारायण शर्मा। फोटो : हरिभूमि

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के संयोजक शिवनारायण शर्मा ने कहा कि बुधवार को जींद की औद्योगिक नगरी, पर्यटन केंद्र बनाने तथा जींद को एनसीआर से बाहर करने की मांग को लेकर शहर में प्रर्दशन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रर्दशन पुरानी अनाज मंडी से शुरू होकर लघु सचिवालय तक किया जाएगा। शर्मा मंगलवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि जींद से नौ हाइवे गुजर रहे हैं लेकिन यहां पर कोई उद्योग नही है। काफी प्राचीन धार्मिक धरोहर हैं, जिनको संरक्षित नही किया गया है। ना ही उन्हें पर्यटन के हिसाब से विकसित हो पाया है।

जींद को एनसीआर में शामिल होने का कोई फायदा नही मिल रहा है। वाहनों की पांच साल लाइफ घट रही है। ईंट भट्ठे मार्च के बाद कुछ दिन चल पा रहे हैं। इसलिए जींद को एनसीआर से बाहर किया जाना चाहिए। जींद को औद्योगिक नगरी तथा पर्यटन घोषित करना चाहिए। सभी राजनीतिक पार्टियों को अपने एजेंडे में जींद का औद्योगिक तथा पर्यटन केंद्र बनाने में शामिल करना चाहिए ताकि यहां पर उद्योग लगे, रानी तालाब पर्यटन स्थल के रूप में उभरे, यहां पर तारा मंडल, म्यूजियम बने, बडा बीड वन में चिडिया घर बने।



उचाना। सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत करते प्रिंसिपल डा. बाबा वजराला।

### नर्सिंग कोर्स के बाद रोजगार मिलना तय : बृजेंद्र सिंह

उचाना। बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नर्सिंग कोर्स करने वाले विद्यार्थियों से सांसद बृजेंद्र सिंह रूबरू हुए। यहां पहुंचने पर ट्रस्ट के महासचिव सेक्रेटरी हरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल बाबा वजराला ने स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रेमलता भी नर्सिंग कोर्स करने वाले विद्यार्थियों से रूबरू हुई। सांसद ने कहा कि नर्सिंग कोर्स करने के बाद रोजगार मिलना तय है। सरकारी नौकरी न मिले तो प्राइवेट क्लीनिक, अस्पतालों के अलावा विदेशों में नर्सिंग कोर्स करने वालों की डिमांड है। उचाना क्षेत्र के साथ-साथ आस-पास के एरिया के विद्यार्थियों को नर्सिंग कोर्स करने का फायदा होगा। नर्सिंग कोर्स ऐसा कोर्स है जिसके करने के बाद रोजगार सुनिश्चित है। इसलिए नर्सिंग कोर्स को लेकर निरंतर युवाओं का रूझान भी बढ़ा है। हरेंद्र सिंह ने बताया कि यहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की दूरगामी सोच के चलते नर्सिंग कोर्स शुरू हुआ। आज यहां से कोर्स करके सरकारी, गैर सरकारी नौकरी के अलावा विदेशों में भी रोजगार दिलवाने में ये कोर्स कारगार साबित हो रहे है।

---

### बांगर उत्वस पर आयोजित महिला, पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता

# 1500 मीटर में सबसे तेज दौड़ा उचाना का सोनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना




उचाना। विजेता को पुरस्कृत करते डॉ. डीडी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बांगर उत्वस पर आयोजित महिला, पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता देर शाम तक चली। प्रतियोगिता में जींद जिले भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बांगर उत्सव संगठन के प्रधान स्वामी रघुवानंद, महासचिव जुगमिंद्र सिंह, बांगर शिक्षा समिति चेमरमैन सज्जन सिंह ने कहा कि बांगर उत्सव एक पर्व की तरह हो गया है। इस कार्यक्रम से पूरे प्रदेश में भाइचारे का संदेश गया है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले भर से पहुंचे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी अधिक होने के चलते प्रतियोगिता देर तक आयोजित हुई। बांगर की संस्कृति, सभ्यता, धरोहर का अनूठी संगम एक साथ बांगर के लोगों ने देखा। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायमंडल में मांगेराम पूर्व प्राचार्य केएम कॉलेज नरवाना, नरेंद्र अत्री शिक्षाविद् एवं साहित्यकार, ओमप्रकाश वरिष्ठ साहित्यकार, जयगुप्ता प्राचार्य डीआरएसके स्कूल सफीदों को शामिल किया गया। अध्यक्षता डा. डीडी विद्यार्थी ने की। पुरस्कार सांसद बृजेंद्र सिंह ने वितरित किए। कॉलेज, आईटीआई की भाषण प्रतियोगिता में सचिन पीजी राजकीय कॉलेज जींद प्रथम, संध्या कन्या गुरूकुल खेड़ा द्वितीय, अमन पीजी राजकीय कॉलेज जींद तृतीय रहे। पुरूष वर्ग के म्यूजिकल चेयर में जयवीर फौजी बद्दोवाला प्रथम, कुलदीप नरवाना द्वितीय, दयानंद काब्रच्छा तृतीय रहे। शॉटपुट में मनदीप जींद प्रथम, अमित जींद द्वितीय, धर्मबीर डोहाना खेड़ा तृतीय, 1500 मीटर रेस में सोनू उचाना प्रथम, अभिषेक नरवाना द्वितीय, अभिषेक उचाना तृतीय, रस्साकशी में नरवाना उपमंडल प्रथम, सफीदों उपमंडल द्वितीय रहे।

#### फैंसी ड्रेस में लव्याण प्रथम

10 वर्ष से कम आयु के बच्चों की फैंसी ड्रेस में आरूष प्रथम, अभिनव खापड़ द्वितीय, षभ तृतीय रहे। महिला वर्ग की म्यूजिकल चेयर में पूजा नगूरां प्रथम, कुसुम डूमरखां द्वितीय, मुकेश झील तृतीय, मटका दौड़ में मुकेश झील प्रथम, पूजा नगूरां द्वितीय कमलेश घसो तृतीय, अमरपति बुडायन चतुर्थ, बनाशपति नगूरां पंचम, तीन टांग रेस में पुनीत डूमरखां प्रथम, मोनिका डूमरखां द्वितीय, मधु डूमरखां तृतीय रहे। रस्साकशी में उचाना जोन प्रथम, छातर जोन द्वितीय, 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों की फैंसी ड्रेस में लव्याण जींद प्रथम, अंशिका जींद द्वितीय, मधु नरवाना एवं रिया बड़नपुर तृतीय रहे।



उचाना। प्रवचन सुनते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### असमंजस में पड़ा प्रत्येक व्यक्ति महाभारत का अर्जुन

उचाना। राजेंद्रा कालोनी में मंगल पाठ, प्रवचन हुआ। क्षेत्र में सुख, समृद्धि की कामना के लिए मंगल पाठ हुआ। उचाना तेरापंथ भवन में साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 का इस बार चातुर्मास रहा। चातुर्मास के बाद वो एसबीआई बैंक के पास सतपाल गोयल के निवास पर विराजमान है। यहां पर निरंतर धर्म की अलख को जगाने का काम वो कर रही है। लोगों को नशा, सामाजिक बुराई से दूर करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। साध्वी लब्धि प्रभा ने कहा कि असमंजस में पड़ा प्रत्येक व्यक्ति ही अर्जुन है। मनुष्य मन की वह स्थिति जब वो कि कर्तव्यविमूढ़ हो जाता है उसी का प्रतिकात्मक रूप अर्जुन है। जीवन में जब-जब अनिर्णय की स्थिति में पहुंच जाओ और विवेक आपका साथ ना दे रहा हो कि आखिर कौन से मार्ग पर आगे बढ़ा जाए, तो तब-तब आप गीता जी की शरण में चले जाना। उन्होंने कहा कि गीता जी हमें प्रत्येक अनिर्णय की स्थिति से बाहर निकालकर वास्तविक एवं श्रेष्ठ कर्तव्य का बोध कराती है। गीता की शरण में जाने के बाद अर्जुन ने कहा कि मेरा मोह नष्ट हो गया है और मैंने अपनी उस स्मृति को प्राप्त कर लिया है जो मुझे मेरे कर्तव्य पथ का बोध कराती है।

## खबर संक्षेप

### हादसों और उनके प्रबंधन के बारे में बताया

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदाना में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय शिविर के आज तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा गांव गढ़ी पाडला में स्थित अशोक लीलैंड संस्थान का भ्रमण करवाया गया। इसमें आज के समय में सड़कों पर बढ़ रहे वाहनों से होने वाले हादसों और उनके प्रबंधन के बारे में बताया।

### स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्राथमिकता : गुरविंद्र

**कैथल।** जिला रैडक्रॉस सोसायटी के प्रधान एवं डीसी प्रशांत पंवार के कुशल मार्गदर्शन भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा के महासचिव मुकेश अग्रवाल के निर्देशानुसार देर रात शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतू सड़क पर रैन बसेरा कर रहे गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को नगराधीश गुरविन्द्र सिह ने जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से कंबल वितरीत किए।

### गांव को स्वस्थ-स्वच्छ बनाने का आह्वान

**कैथल।** ग्राम पंचायत को छोटी सरकार के नाम से भी जाता है। यदि छोटी सरकार सही तरह से अपनी डयूटी का निर्वहन करे तो गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है ग्राम पंचयत प्रेमपुरा की छोटी सरकार ने। ग्राम सरपंच परविंद्र कौर और सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह ने गांव को स्वस्थ तथा स्वच्छ बनाने का जो बीड़ा उठाया था, उसका असर अब सरेआम देखने को मिल रहा है। सतनाम ने बताया कि उन्हें सभी ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

### प्रतिभा को पहचान कर निखारना होगा : सिंह

**राजौंद।** नगर के मॉडल संस्कृति स्कूल में मंगलवार को कैम्प के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वमावि सेरधा से अंग्रेजी प्रवक्ता सोम सिंह ने शिरकत की व बच्चों को सवांर्गीण विकास की ओर ध्यान देने व उसे सफलता में बदलने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा राजकीय वामावि रोहेड़ा से राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता सिंदर पाल ने शिविर में पहुंच कर स्वयं सेवकों को अपने आप.पास के क्षेत्रों में आगे बढ़ने व महान विभूतियों के बारे में जानकारी दी।




### नशा करता है जीवन की दुर्दशा : डॉ.वर्मा

**कैथल।** नशा करता है जीवन की दुर्दशा। नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चा। पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी ले। जो वस्तु माता-पिता ने खाने पीने को नहीं दी वे सब हमारे लिए खाने योग्य नहीं है। ये शब्द राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने शिविर में उपस्थित स्वयंसेवकों को कहे।

### स्कूल मुखियाओं को दिया पोक्सो एक्ट का प्रशिक्षण

**राजौंद।** नगर के खंड संसाधन संयोजक कार्यालय में पोस्टों एक्ट के तहत दो दिवसीय स्कूल मुखियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हो गया। इसमें 61 स्कूलो के मुखियों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी खंड संसाधन संयोजक बलबीर सिंह कश्यप की अध्यक्षता में प्राइमरी स्कूल मुख्य शिक्षकों, हाई स्कूल के हेड मास्टरों व सीनियर सेकेंडरी के प्रिंसिपलों ने भाग लिया।

### आदर्श स्कूल जखौली में वर्कशॉप का आयोजन

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जखौली में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वर्कशॉप में ग्रीटिंग कार्ड्स बनाना, सिलाई मशीन सिखाना सहित कई क्रियाओं का आयोजन किया गया। स्कूल की अध्यापिका राखी ने लड़कियों को सिलाई के गुर सिखाए। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य बच्चो के अंदर छुपे टैलेंट को बाहर निकालना रहा। छात्राओं ने सूटो की कटिंग रफू फटे सिलाई करना सहित कई गुर सीखे।

विधायक ईश्वर सिंह ने मैंगड़ा व कसौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा में की शिरकत

# पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभः विधायक

**पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस-सिलेंडर वितरित किए गए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुहला-चीका

विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि आम जन को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ उनके घरद्वार पर मिले। सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि जो व्यक्ति किसी न किसी योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी योजानाओं का लाभ देकर लाभांवित किया जा सके। विधायक ईश्वर सिंह गांव मैंगड़ा व कसौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान बोल रहे थे। सबसे पहले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा गहनता से जानकारी ली। पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस-सिलेंडर वितरित किए गए। विधायक ईश्वर सिंह ने बताया कि गांव मैंगड़ा मे 4 लाख रुपये की लागत से गांव की फिरनी निर्माण कार्य करवाया गया, 2 लाख 80 हजार रूपए की लागत से हुक्म सिंह गली का निर्माण करवाया गया,36 लाख 17 हजार रुपए की लागत से अधोया मेंगडा से पीपली प्लाट सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया, 21 लाख 25 हजार रुपए की धनराशि से अधोया मेंगडा से नंदगढ सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। इसी प्रकार 43 लाख 30 हजार रुपए की धनराशि से मोहनपुर लिंक रोड़ का निर्माण कार्य करवाया गया, 46 लाख 40 हजार रूपए की लागत से अधोया मेंगडा से रोहड़ी प्लाट का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया, 87 लाख 75 हजार रूपए की लागत से मैंगड़ा से मोहनपुर सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया गया, विधायक ने कहा कि 61 लाख 65 हजार रुपए की धनराशि मेंगडा से भागल चल रहे सड़क निर्माण कार्य पर खर्च होगी, 21 लाख 88 हजार रुपए की धनराशि अधोया से अजित नगर सड़क निर्माण कार्य पर खर्च होगी, 19 लाख 69 हजार रुपए की धनराशि मोहनपूर से डेरा बाजीगर सड़क निर्माण कार्य पर खर्च होगी, 1 करोड़ 47 लाख रुपए की धनराशि अधोया से मैगड़ा सड़क निमार्ण कार्य पर खर्च होगी। विधायक ने गांव में 21 लाख 94 हजार रुपए की लागत से बनने वाले कम्यूनिटि हाल का शिलान्यास भी किया। विधायक ने कहा कि गांव कसौली में 9 लाख 89 हजार रुपए की धनराशि से शमशान घाट के रास्ते का निर्माण करवाया गया, 22 लाख रुपए की धनराशि से लिंक रोड़ से सुगलपुर सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया, 38 लाख 40 हजार रुपए की लागत से लिंक रोड़ से कसौली सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया।



गुहला-चीका। विधायक ईश्वर सिंह विकसित भारत संकल्प यात्रा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत



**सीवन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव रामथली समाधा और पिसोल और कच्ची पिसोल में पहुंची, गावों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा में मुख्यातिथि एससी आयोग के सदस्य रवि तारावांली ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की स्कीमों के बारे में वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से लोगों को सरकारी स्कीमों का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण आंचल में लोगों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदया योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेरडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा।



### भैनी माजरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कैथल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव सांघन में पहुंची। गांवों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलें लगाई गई। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को अपने घर द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। गांव सांघन में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी नेता बंसी लाल और गांव भैनी माजरा में बीजेपी नेता राजपाल तंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र और जरूरतमंदो को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने की गांरटी है। देश व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का एक ही लक्ष्य है कि गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।गांव-गांव यह यात्रा पहुंच रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसमें लोगों की मूलभूत समस्याओं को भी सुना जाता है और संबंधित अधिकारियों से समस्या का समाधान करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के सपने को साकार करने में केंद्र व राज्य सरकार अपना कार्य प्रभावी रूप से कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है।



### युवा पीढ़ी आत्मनिर्भर बनकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें: दीक्षित

**राजौंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव जाखौली कमान और माजरा नंद करण में हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉले लगाई गई और पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रेखा रानी, अन्नु, रिंकू और मोनू देवी को गैस-सिलैंडर और चूल्हा मुफ्त दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश की स्कीमों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। गांव जाखौली कमान और माजरा नंद करण में आयोजित विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा कार्यक्रम के दौरान राजौंद मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम में सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रमों में विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई गई। राजौंद मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। देश को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विशेषकर युवा पीढ़ी का योगदान बहुत जरूरी है। युवा पीढ़ी आत्मनिर्भर बन कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें।



### हलके के गांव में शुरू किया हर घर कांग्रेस अभियान

**ढांड।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने हलके के विभिन्न गांवों में हर घर कांग्रेस अभियान का श्रीगणेश किया। जिसके तहत कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करते हुए लोगों में नववर्ष के कलेंडर भी वितरित किए और गठबंधन सरकार को उखाड़ने का संकल्प लिया। इसके बाद कस्बे में नई अनाज मंडी में एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए प्रदीप कुमार ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान,जनमिलन समारोह और जन आक्रोश रैलियों को मिले जबरदस्त समर्थन के बाद नव वर्ष के मौके पर हरियाणा ईकाई ने ह्यघर-घर कांग्रेसह्ण अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। जिसके तहत कांग्रेस घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करने के साथ हर वर्ग के लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जा रहा है। वर्तमान सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए प्रदीप कुमार ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हरियाणा प्रदेश विकास में एक नंबर पर था, लेकिन आज बेरोजगारी, महंगाई, अपराध में नंबर 1 बनकर रह गया है।

## आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने का प्रण

- एमडीएन ग्लोबल स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ कृष्ण श्योकन्द, मुख्य अतिथि और जितेन्द्र सिंह, स्कूल निदेशक डॉ. विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा दीप प्रजवलित कर किया। मुख्य अतिथि कृष्ण श्योकन्द द्वारा विद्यार्थियों को एन.एस.एस. के उद्देश्यों से परिचित करवाते हुए कहा कि स्वयं से पूर्व दूसरों को रखना और समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना ही एन.एस.एस. का उद्देश्य है। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने शिविर की आगामी कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए कहा कि इस सात दिवसीय शिविर में साइबर सिक्योरिटी, करियर काउंसलिंग, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित सेमिनार और स्वच्छ भारत के संदेश के प्रति जागरूकता के प्रसार के लिए विभिन्न स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अदभूत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और एन.एस.एस. के उद्देश्य व संगठन विषय पर अपने विचार सांझा किए। इसी के साथ स्वच्छता के संकल्प को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय के प्रांगण और आस-पास के क्षेत्र की सफाई की और भविष्य में भी अपने परिवेश को स्वच्छ रखने एवं इस के प्रति जागरूकता लाने में अपने पूर्ण योगदान का प्रण लिया।जिम्मेदार नागरिक बनाने का विद्यालय की ओर एक प्रयास है।




**कैथल।** सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दौरान एमडीएन ग्लोबल स्कूल के स्वयं सेवक। *फोटो : हरिभूमि*

### यूजी और पीजी छात्रों की कक्षाएं आज से शुरू

**कैथल।** इस सेमेस्टर के यूजी और पीजी छात्रों की कक्षाओं के संबंध में 2 जनवरी, 2024 को आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की सलाहकार परिषद की बैठक हुई। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, इस सेमेस्टर के यूजी और पीजी छात्रों की कक्षाएं 3 जनवरी 2024 से शुरू हो रही हैं। टाइम टेबल की तैयारी प्रक्रिया में है और जल्द ही कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दी जाएगी, लेकिन इस बीच कक्षाएं पुराने टाइम टेबल के अनुसार जारी रहेंगी। डॉ. गोयल ने यह भी बताया कि 13 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं भी 3 जनवरी से आयोजित की जाएंगी।

### अवैध देसी पिस्टल व एक कारतूस बरामद

**कैथल।** सोमवार को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा अलग अलग मामलों में 2 आरोपी काबू कर लिए गए। जिनके कब्जे से 2 अवैध देसी पिस्टल व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एचसी जसमेर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव पाई क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली कि किठाना निवासी रोहताश के पास अवैध असला है, जो रोहताश अभी किसी के इंतजार में पाई में पूंडरी राजौंद सड़क पर किसी के इंतजार में खड़ा है। जिसको दबिश देकर काबु किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देकर उक्त स्थान पर दबिश देकर संदिग्ध रोहताश को काबू कर लिया गया।

## पूर्व विधायक ने किया प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

- समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल, कैथल में प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह पूर्व विधायक पूंडरी, प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों, प्राचार्य, शिक्षकों, गैर-शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा व समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत तेजवीर सिंह ने अपने गांव कौल में दादा खेड़ा, कपिल मुनि तीर्थ, बद्रीनारायण, भगवान शिव शंकर, अपने परिवार की कुलदेवी माता वाला सुंदरी गढेशवर आदि मन्दिर एवं तीर्थों पर जाकर नए वर्ष के पावन अवसर पर पूजा अर्चना की व सभी देवी देवताओं से आशीर्वाद लेते हुए गांव कौल, पुंडरी हल्का के निवासियों व समस्त मानवता के लिए सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्यता व खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर महाविद्यालय में पहुंचे आदरणीय प्रधान तेजवीर सिंह एवं सभी सम्मानित अतिथियों को प्राचार्य डॉ ऋषिपाल ने प्रशासनिक भवन का अवलोकन करवाया। इस अवसर पर तेजवीर सिंह ने अपने कर कमलों से नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का ओपचारिक रूप से शिलान्यास भी किया गया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने तेजवीर सिंह, सभी पदाधिकारीकरण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते नववर्ष की समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने सभी के समक्ष विगत दिनों में महाविद्यालय में हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का विस्तृत रुप से ब्यौरा दिया। उन्होंने अपनी बात विस्तार से रखते आगामी प्रस्तावित व सम्भावित कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते उन्हें पूरा करने के लिए सभी को आश्वस्त भी किया।



**ढांड।** पूर्व विधायक तेजबीर सिंह प्रशासनिक भवन का लोकार्पण करते हुए।

## भूतपूर्व सैनिकों को कैशलैस सुविधा के तहत मिलेगा इलाज : डॉ. पंवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

कैथल में सचिवालय के पीछे स्थित जयपुर अस्पताल में अब भूतपूर्व सैनिकों को (ई.सी.एच.एस.) में कैशलैस सुविधा के तहत ईलाज मिलेगा। क्योंकि अब जयपुर अस्पताल ई.सी.एच.एस. के पैनल पर आ गया है। यह जानकारी जयपुर अस्पताल के संचालक व सीनियर सर्जन डा. डीएस पंवार ने अपने अस्पताल में बातचीत के दौरान दी है। डा. पंवार ने बताया कि इसके अलावा उनका अस्पताल में हरियाणा सरकार के कर्मचारियों व आयुष्मान कार्ड धारकों का फ्री में ईलाज होता है। अस्पताल में पीत्ते की पत्थरी, बवासीर, हर्निदा का ईलाज भी दूरबीन व लेजर के माध्यम से किया जाता है। डा. पंवार ने बताया कि कुछ लोग पहले दिल्ली व चंडीगढ़ में अपना ईलाज करवाने जाते थे, लेकिन वही ईलाज अब हम पिछले 5 वर्षों से कैथल में ही जयपुर अस्पताल में कर रहे हैं।

उनके अस्पताल में आई.सी.यू., अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे व एमरजेंसी की सुविधाएं भी 24 घंटे उपलब्ध है।



डा. डीएस पंवार




### भंडारे के लिए सौंपा 51 हजार रुपये का चेक

**कैथल।** अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल की एक बैठक सनातन धर्म मन्दिर मे संपन हुई। बैठक में रामकथा 14 जनवरी से 22जनवरी के लिए विचार विमर्श हुआ। 14 जनवरी को राम धवज यात्रा निकाली जाएगी। इसमें सैकड़ों रामभक्त, महिला एवं भगवान राम का धवज ले कर भगवान राम की जय बोलते हुए नगर परिक्रमा करेंगे। फिर बाद दोपहर राम कथा आरंभ होगी। यह कथा 22जनवरी 2024 तक चलेगी। 22 जनवरी को जिस दिन राम लला की राम मंदिर अयोध्या में स्थापना होनी है। उसी दिन सुबह हवन के बाद कथा समापन के बाद 12 बजे भंडारा होगा तथा दीपावाली की तरह जश्न मनाया जायगा। यह जानकारी सतपाल गुप्ता चैयरमैन ने दी। बैठक में सभी सदस्य ने पूरी तरह धन तन और मन से सहयोग देने का वादा किया। बैठक के बाद सभी सदस्यों ने राम जन्म भूमि भंडारा कार्यालय में जा कर 51000 रुपये का चैक सौंपा। अभा हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ऐडवोकेट ने बताया कि यह राशि संघ के सदस्यो ने अयोध्या मे हरियाणा वालो की तरफ से लगाए जाने वाले भंडारा के लिए उपयोग हेतु प्रदान की है। चैयरमैन गुप्ता ने महासंघ द्वारा किये गए कार्यों का विस्तार से ब्योरा दिया।

**मैंगड़ा, कसौली, सोगलपुर, अजीमगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम**

## आमजन को नशे के दुष्परिणामों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत मंगलवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार,पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर व एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव मैंगड़ा, कसौली, सोगलपुर, अजीमगढ़ में गांव के मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए।



**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

**खोया पाया**

श्री राजेश कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव माजरा-रोहेडा, उप-तहसील राजौंद, तहसील व जिला कैथल ने अपनी असल ट्रांसफर डीड नंबर 785/1 दिनांक 9-10-2018 जो राकेश कुमार के पक्ष में है, जो माजरा रोडेडा से राजौंद रोड पर दिनांक 5-10-2023 में गुम हो गई है। इस संबंध में आवश्यक सूचना संबंधित थाना राजौंद में दे दी गई है। अगर किसी को उक्त ओरिजिनल डीड मिलती है तो वह हरदीप सिंह रानू एडवोकेट को चेंबर नंबर 73, जिला कोर्ट, कैथल के पास पहुंचा दे या उनके मोबाइल नंबर 9896078197 पर 7 दिन के अंदर सूचित करें।

## खबर संक्षेप



### दलबीर सिंह बने चीका थाने के नए प्रभारी

**गुहला-चीका।** दलबीर सिंह को चीका थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। पहले यहां अमित कुमार को चीका थाने का प्रभारी बनाया गया था परंतु अब उन्हें सी.आई.ए. वन में ट्रांसफर कर दिया गया है और उनके स्थान पर दलबीर सिंह की नियुक्ति की गई है। मालूम रहे कि दलबीर सिंह यहां पहले भी थाना प्रभारी के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उनका जनता के साथ काफी तालमेल भी रहा है।

### आरोग्यम अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में बुधवार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आरोग्यम अस्पताल में डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने बताया कि उनके द्वारा 15 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में भेलेगिरी महाज, योगी संजीव नाथ, देवेंद्र नाथ, बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल, नवीन दहिया शिरकत करेंगे। रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।



### मंदबुद्धि किशोर को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**अलेवा।** अलेवा पुलिस द्वारा गोहियां गांव घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए एक मंदबुद्धि किशोर को छह माह बाद मुंबई से बरामद किया है। पुलिस ने मंदबुद्धि किशोर को मुबंई से तलाश करने के बाद मंगलवार को परिजनों का बुला कर उनके हवाले किया गया है। एएसआई जयवीर ने बताया कि गोहियां निवासी लगभग 14 वर्षीय 22 जुलाई को घर से किसी को बिना बताए कहीं चला गया था। इसके बाद किशोर के पिता बलमत ने 29 जुलाई को थाना में सौरभ के गुमशुदगी की रपट दर्ज करवाई थी। अलेवा पुलिस ने केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी थी।




### रोटरी कल्ब जरूरतमंदों को बचाने का कार्य कर रही

**गुहला-चीका।** प्रमुख समाजसेवी संस्था रोटरी कल्ब चीका के प्रधान नरेश जैन ने कहा है कि रोटरी कल्ब यूं तो विभिन्न सामाजिक कामों में अपना हाथ बंटाती है परंतु फिलहाल सर्दी की इस ऋतु में पड़ रहे जाड़े से जरूरतमंद लोगों को बचाने के उद्देश्य से दिल खोलकर काम कर रही है। जैन आज यहां अपने कार्यालय में स्थानीय पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## चौथे दिन भी छाये रहे आकाश में बादल, नहीं दिखाई दिए सूर्य देवता

# दिन का पारा लुढ़क कर पहुंचा 10 डिग्री, दिनभर छूटी कंपकपी

मौसम में अद्रता 67% तथा हवा की गति छह किमी प्रति घंटा दर्ज की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अब ठंड कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मंगलवार का काफी ठंडा दिन रहा। दिन का अधितम तापमान लुढकने कर दस डिग्री पर आ गया। जबकि न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। आकाश में बादल छाए रहे और दिनभर सूर्य के दर्शन नही हुए। कडाके की ठंड से दिनभर लोगों की कंपकपी छुटती रही। मंगलवार को अधिकतम तापमान दस डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में अद्रता 67 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम फसलों में सफेद रतवा के अनुकूल होने पर किसानों को कृषि विशेषज्ञों से संपर्क करने की सलाह दी गई। सात जनवरी तक राहत मिलने की कोइ संभावना नहीं है।


**जींद।** सूर्य देवता के न निकलने से धुंधला हुआ आसमान।

### लोगों को अलाव का सहारा लिया

पिछले चार दिनों से कडाके की ठंड पड़ रही है। आकाश में बादल छाए हुए हैं। सूर्य भी नहीं दिखाई दिया है। 15 डिग्री से ऊपर चला रहा अधिकतम तापमान भी लुढ़क कर दस डिग्री पर आ गया है। मंगलवार को दिन का आगाज कडाके की ठंड तथा आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिनभर सूर्य देवता नहीं दिखाई दिए। ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेते देखा गया। लोग देरी से घर से निकले और काम निपटा कर जल्दी घरों में दुबक गए।

### मौसम रहेगा परिवर्तनशील, ठंड से राहत नहीं

मौसम विभाग के अनुसार सात जनवरी तक मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 12 से 14 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सात से आठ डिग्री तथा हवा की गति चार से छह डिग्री बने रहने की संभावना है। इस दौरान कोहरा तथा धुंध भी देखने को मिलेगी। आकाश में बादलवाई भी बनी रहेगी। फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मंगलवार को ठंडा दिन रहा है। मौसम सफेद रतवा के अनुकूल हो गया है। धूप न निकलने के कारण गेहूं पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा है। जिसके चलते किसान कृषि विशेषज्ञों से संपर्क कर उपचार करें। मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहेगा।

### ठिठुरते रहे लोग, सूर्य के 10 दिन से दर्शन नहीं

**कैथल।** मंगलवार को कैथल में दिन भर शीत लहर जारी रही। ठंड के कारण दिन भर लोग ठिठुरते रहे। लोगों ने अलाव का सहारा लेकर किसी तरह दिन तो काट लिया लेकिन, रात होते ही कोहरे ने फिर से अपनी चादर प्रसार ली। मंगलवार सुबह के अधिकतम 15 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से ल्सियस दर्ज किया गया। अधिक ठंड होने के कारण खेतों में पल भी गिरने लगा है। जिससे सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा है। जिले में पिछले 10 दिन से ठंड ने लोगों को काफी अधिक परेशान किया है। पहले कोहरा और अब कोल्ड वेव होने के कारण आम जनजीवन काफी अस्त-व्यस्त हो रहा है। पिछले 4 दिन से कोहरे के साथ कोल्ड वेव से लोगों को परेशानी हो रही है। इसलिए डॉक्टर भी ठंड से बचने के लिए सलाह लगातार दे रहे हैं। बढ़ रही ठंड के बीच डॉक्टर बुखार, खांसी और जुकाम से बचने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि अब मकर सक्रांति तक ऐसे ही ठंड बने रहने की संभावना है। इस मौसम में गेहूं की फसल को फायदा हो रहा है, लेकिन सब्जियों को इस मौसम में बचाने के लिए किसानों को लगातार प्रयास करने होंगे। शीत लहर अभी सप्ताह भर जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अभी 6 जनवरी तक शीत लहर से राहत के आसार नहीं है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ का कहना है कि हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 6 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की गति से उत्तरपश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है। जिससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी। लेकिन रात के तापमान में गिरावट आएगी। इस दौरान प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में अल सुबह धुंध पड़ना जारी रह सकता है।

### ठंड से सब्जियों को नुकसान होने लगा

सूखी ठंड पड़ने तथा बादलों के छाये रहने से पिछले चार दिनों से सूर्य भी दिखाई नही दे रहा है। जिसके चलते सरसों में सफेद रतवा के लक्षण तथा गेहूं में भी कुछ पौधों पर पीलापन दिखाई देने लगा है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम के देखते हुए कृषि विशेषज्ञों से सलाह लेकर उपचार करें। मौसम बीमारियों के अनुकूल हो गया है। जिसको लेकर सर्तक रहें। ठंड से सब्जियों को नुकसान होने लगा।

## हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में मेरिट सूची में नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना के माध्यम से हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में अशोक विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ की छात्रा दीक्षा, अंजलि, अंशिका ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। मुख्याध्यापक सतीश कुमार, स्कूल संचालिका सुमन सुनील खटकड़ ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को निकट भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता में लाभ मिलता है। इस मौके पर नरेंद्र आर्य, वीरेंद्र खटकड़, सुनील शर्मा, बबीता, मोनिका, राधिका, सीमा, मुन्नी, आरती मौजूद रही।


**जींद।** हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


**जींद।** कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सावित्री बाई फूले के त्याग, शिक्षा और समाज योगदान के बारे में छात्रों को करवाया अवगत

**जींद ।** राजकीय स्कूल मनोहरपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के साप्ताहिक कैंप में मूकनायक एजुकेशन सोसाइटी द्वारा विचार गोष्टी रखी गई व सावित्री बाई फुले का जन्मदिन मनाया गया। इसकी अध्यक्षता सुनीता दूहन द्वारा की गई। कार्यक्रम में मूकनायक चेयरमैन सोनिया द्वारा प्रथम शिक्षका सावित्री बाई फुले के त्याग, शिक्षा, कविता और समाज मे योगदान के बारे में छात्र छात्राओं को बताया गया। मूकनायक सचिव रेनू बाला द्वारा छात्राओं को संस्कारों व अनुशासन के बारे में तथा स्वयं सुरक्षा के बारे में बताया गया। छात्रा प्रियंका, नेहा, मधु व शिवानी ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला व कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। राजकीय स्कूल अध्यापिका सुमन व तमन्ना ने छात्राओं को साफ-सफाई, पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

## नागरिकों को घर द्वार पर सजगता के साथ मिल रहा योजनाओं का लाभ : राजू मोर

- सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जींद खंड के भैरो खेड़ा व निडाना गांव में पहुंची। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजू मोर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में उपस्थितगण को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फैंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को मजबूत करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलवाया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। संकल्प यात्रा ने मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि वे मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत करें।


**जींद।** योजनाओं का लाभ देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर।

### किसानों को बैंक की ऋण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर एक में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योग की तरफ से जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के निदेशक धर्मेंद्र कथुरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फूल कुमार कादयान ने उनका स्वागत किया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संकाय रवि कुमार ने की। संस्थान के निदेशक धर्मेन्द्र कथूरिया ने संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान की तरफ से जिले के सभी बेरोजगार युवकों व युवतियों के लिए जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है इच्छा के अनुसार स्व.रोजगार शुरू करने के लिए लगभग 64 तरह के अलग-अलग प्रशिक्षण मुहैया करवा गए।

## फायर सेफ्टी के बारे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रताप सिंह रिटायर्ड फौजी ने सरस्वती देवी पर दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने रिसोर्सपर्सन प्रताप सिंह का स्वागत किया । नैंसी ,अनुष्का और उर्वशी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सुबह कृतिका ने सभी स्वयंसेविकाओं का योगाभ्यास करवाया और प्रथम सत्र में कामर्स प्राध्यापिका दिव्या गोयल और हिन्दी प्राध्यापिका कुसुम रानी ने स्वयंसेविकाओं को वेस्ट मैटीरियल से सजावटी एवं अद्भुत वस्तुएं बनानी सिखाई। दूसरे सत्र में प्रताप सिंह जी ने स्वयंसेविकाओं को फायर सेफ्टी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और अग्निशमकयन्त्र से एक डेमो के माध्यम से बच्चों को आग बुझाना भी सिखाया। तृतीय सत्र में श्रीमती दिव्या गोयल ने स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर भारत विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। चतुर्थ सत्र में कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त ने स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश को साफ-सफाई के मसले पर दोतरफा लड़ाई लड़नी पड़ रही है। एक तो यहां गंदगी के निपटान वाले संसाधन बहुत कम है लिहाजा लोग गंदगी फैलाने को विवश है । जो थोड़े बहुत संसाधन है हम उनका इस्तेमाल करने से परहेज करते है। जैसे - सामने कूड़ादन या शौचालय दिख रहा है।



**कैथल।** स्वचछता अभियान चलती स्वयं सेविकाएं। फोटो : हरिभूमि


**कैथल।** श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ के दौरान आरती करते हुए श्रद्धालु

### अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश वितरित किए

**पूंडरी।** पूंडरी के काले कूंड स्थित श्रीराम मंदिर में अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश में अक्षत श्रद्धालुओं को वितरित किए गये। इस उपलक्ष्य में प्रतिदिन मंदिर में श्री राम कथा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है। कार्यक्त्रम आयोजक कमेटी सदस्य आरएसएस के नगर सेवक प्रमुख रमेश चंद शर्मा ने बताया कि हलके के गांव-गांव में जाकर अक्षत बांटे जा रहे है। इसके अलावा गांव दर गांव शोभा यात्रा निकाली जा रही है। शर्मा ने कहा कि श्रीराम काज में हाथ बंटवाने वाले लोग सौभाग्यशाली होते है। रामसेतु के समय जब छोटी सी गलहरी भी अपना योगदान देने के लिए मिट्टी के कण ले जाकर समुद्र में डाल रही थी तो श्री रामचंद्र जी ने उनका भी उद्धार कर दिया। करोड़ों लोगों का सपना श्रीरामलला मंदिर में विराजमान हो वो 22 जनवरी को पुरा होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में हर घर में उस दिन कम से कम पांच घी के दीपक जलाने और मीठा पकवान बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दिन को दीपावली के तरह मनाया जाएगा।

## कृष्णा मार्केट के प्रधान बने अनिल गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नव वर्ष पर जींद शहर के सफीदों रोड स्थित गर्ग इलेक्ट्रॉनिक्स पर कृष्णा मार्केट के व्यापारियों ने मीटिंग के दौरान व्यापार मंडल के प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कृष्णा मार्केट के प्रधान के रूप में अनिल गर्ग का नाम रखा। जिस पर सभी व्यापारियों ने एकमत से सहमति जता कर गर्ग को कृष्णा मार्केट का प्रधान बनाने के लिए सहमति जताई। महावीर कंप्यूटर ने बताया कि कृष्णा मार्केट के सभी व्यापारियों ने सहमति से अनिल गर्ग को आज कृष्णा मार्केट का प्रधान बनाया है। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं आने वाले समय में प्रधान अनिल गर्ग कृष्णा मार्केट के व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्रमुखता से करेंगे। वही अनिल गर्ग ने कहा कि आज कृष्णा मार्केट के व्यापारियों ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे में बखूबी से निभाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता मार्केट में व्यापारियों को रही समस्याओं का निदान करना रहेगा। मीटिंग के दौरान राजेश गर्ग, रामफल, विक्की, राजू धीमान, वीरेंद्र सिंधु, अशोक, अनिल जैन, डा. अश्वनी, वीरेंद्र व डा. संजय मिड्ढा के साथ-साथ 60 से अधिक व्यापारी मौजूद रहे।


**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि


**जींद।** स्वयंसेवकों को चरित्र बल की महता के बारे में जानकारी देते हुए आचार्य देव दत्त।

### चरित्रबल मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को गुरुकुल कालवा से आचार्य देव दत्त शास्त्री एवं ईश्वर आर्य द्वारा चरित्र बल की महता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि चरित्रबल मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। चरित्र निर्माण की प्रक्रिया जन्म से लेकर जीवन पर्यंत चलती रहती है। चरित्र बल ही मानवीय गुणों की मर्यादा हैए यह स्वभाव और विचारों की दृढ़ता का सूचक है। सम्मान एवं वैभव का सोपान चरित्र बल है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है जन्म से मृत्यु तक उसे समाज में ही रहना होता है। जो मनुष्य अपने सुंदर सहयोग से अपने जीवन को सुखी बनाता हुआ अपने आसपास के वातावरण में भी प्रसन्नता बिखेरेए इसी में उसके जीवन की सफलता निहित है। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वीटा मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण भी किया किया गया।

### वीर हनुमान सेवा दल ने जंगलात में रहने वाले बंदरों को खिलाई फल और सब्जियां



**गुहला-चीका।** शहर की प्रमुख समाजसेवी व सामाजिक संस्था वीर हनुमान सेवा दल ने नजदीकी जंगलात में ठंड व कोहरे के चलते भूखे मर रहे वानरों को फल, फ्रूट व कच्ची सब्जियां आदि बांटी। संस्था के सेवादार काकू पहलवान ने बताया कि उनकी संस्था लोगों के सहयोग से वैसे तो लम्बे समय से वानरों की सेवा करती आ रही है परंतु वर्तमान में ज्यादा ठंड को देखते हुए आम आदमी वानरों तक नहीं पहुंच रहा है, जिसके चलते उनकी संस्था के सदस्यों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है ताकि ज्यादा से ज्यादा वानरों का पेट भरा जा सके। उनकी संस्था को अपनी श्रद्धा अनुसार तन, मन व धन से सहयोग करें ताकि सर्दी के इस मौसम में जंगल में रहने वाले वानर भूखे ना रह सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### आयुर्वेद जीवन जीने की पद्धति है: डॉ. गिल

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूण्डरी में प्राचार्या साधना बख्शी के निर्देशन में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में जिला आयुष विभाग से डॉ. जितेंद्र गिल विशेषरूप से आमंत्रित हुए। शिविर के कार्यक्त्रम अधिकारी अमित कुमार व प्राध्यापक मुकेश कुमार ने डॉ जितेंद्र गिल का गुलदस्ता देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र गिल ने कहा कि आज के युग में हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। स्वस्थ जीवन में कुछ छोटी-छोटी और आवश्यक बातों का ध्यान रखना चाहिए। स्वस्थ शरीर के लिए सर्व प्रथम शुद्ध हवा, पानी और स्वच्छ भोजन ग्रहण करना चाहिए। आयुर्वेद जीवन जीने की पद्धति है।

## कार्यकर्ताओं से मिलने डिप्टी सीएम दुष्यंत जेजेपी कार्यालय पहुंचे

# उचाना मेरा परिवार, कामों के लिए हमेशा तैयार

- कहा-जींद में मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग देख कर अब लगता है गुरुग्राम में पहुंच गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नववर्ष पर कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रजबाहा रोड स्थित जेजेपी कार्यालय पहुंचे। यहां पर कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश के साथ-साथ फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यालय में बैठकर पूरे दिन डिप्टी सीएम ने लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनके निदान भी किया। कार्यकर्ताओं से मिलकर नव वर्ष की बधाई देने के साथ-साथ फसल, गांव के साथ-साथ कार्यकर्ताओं के परिवार में कुशल-मंगल डिप्टी सीएम ने पूछी। डिप्टी सीएम ने कहा कि उचाना हलका मेरा परिवार है। यहां के लोगों के कामों के लिए हर समय तैयार रहता हूँ। उचाना हलके में सड़कों के निर्माण से लेकर सामूहिकों कामों पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च हुई है। जींद जिले की विकास के मामले में कांग्रेस सरकार में अनदेखी की गई। आज जींद विकास के मामले में सबसे आगे निकल रहा है। मेडिकल कॉलेज इस साल शुरू हो जाएगा। बिल्डिंग को देखकर लगता है कि जैसे गुरुग्राम में पहुंच गए हो।



**जींद।** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए व जेजेपी कार्यालय में समस्याओं को सुनते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। फोटो : हरिभूमि

### कार्यकर्ताओं के साथ खाई जलेबी, पकौड़े

कार्यकर्ताओं के लिए जेजेपी की शहरी टीम में शामिल अनिल शर्मा, ओमदत्त शर्मा, गंगादत्त पांचाल, भारतभूषण गोयल पार्षद, सतीशो देवी, शकुंतला ढिलौड़ द्वारा नव वर्ष मिलन कार्यक्रम पर जलेबी, पकौड़ों की व्यवस्था की। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ जलेबी का स्वाद चखने के साथ पकौड़े भी खाए। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को अपने बीच पाकर कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया। पूरे दिन कार्यकर्ताओं के बीच दुष्यंत चौटाला के रहने से कार्यकर्ताओं के अंदर जोश का संचार दिखाई दिया। जो कार्यकर्ता अब तक सुस्त नजर आ रहे थे वो भी डिप्टी सीएम के आगमन के चलते पूरे चुस्त नजर आए।